उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-1

संख्या:33/2015/1813/22-1-2015-107/99

लखनऊ : दिनांक 04 नवम्बर, 2015

कार्यालय-ज्ञाप

प्रोन्नति/विज्ञप्ति

कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से निम्नलिखित अधीक्षकों, वेतन बैण्ड-3, रू0 15600-39100, ग्रेड पे रू0 5400/-को विभागीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर वरिष्ठ अधीक्षक कारागार ग्रेड-I वेतन बैंण्ड-3, रू0 15600-39100, ग्रेड पे रू0 6600/-के पद पर, बन्द लिफाफे के प्रति सुरक्षित रखे गये पद के सापेक्ष, स्थानापन्न रूप से उनकी वर्तमान तैनाती के स्थान पर ही कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पदोन्नति इस शर्त के अधीन श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं कि यह स्थानापन्न पदोन्नति नितान्त काम चलाऊ प्रबन्ध के रूप में आगामी चयन अथवा बंद लिफाफे के अंतिम निस्तारण तक, जो भी पहले हो, तक के लिए होगी:-

1-	श्री प्रेमनाथ पाण्डेय
2-	श्री सन्त लाल
3-	श्री रामधनी

2- स्थानापन्न पदोन्नत वरिष्ठ अधीक्षकों को योगदान की तिथि से अनुमन्य वेतन/मंहगाई भत्ता व अन्य भत्ते शासन द्वारा समय-समय पर जारी किये गये शासनादेशों के अनुसार देय होंगे।

एस0के0 रघुवंशी

सचिव।

संख्या:33/2015/1813(1)/22-1-2015 तददिनांक

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (द्वितीय) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।

2- महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया उक्त प्रोन्नति/विज्ञप्ति से सम्बन्धित अधिकारी को अवगत कराते हुए उनके कार्यभार प्रमाणक भरवाकर हस्ताक्षर सहित संगत प्रारूप शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3- अपर महानिरीक्षक (प्रशासन), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।

4- वित्त नियंत्रक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।

5- सम्बन्धित जिलाधिकारी/कोषाधिकारी।

6- निदेशक मुद्रण एवं लेखन सामग्री उ0प्र0 इलाहाबाद को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रोन्नति/विज्ञप्ति को गजट के आगामी अंक में प्रकाशित कर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

7- सम्बधित अधिकारी (नाम से)

8- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(करूणेश कुमार सिंह)

अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in